**Regarding construction of railway overbridge in Churu district headquarters in Rajasthan-Laid**

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** चूरु जिला मुख्यालय के अग्रसेन फाटक पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य रेलवे के साथ हिस्सेदारी के माध्यम से किया जा रहा हैं । दिनांक 25/08/2023 को इस पुल की वित्तीय स्वीकृति राज्य सरकार के द्वारा दी गई थी, NIT के अनुसार यह पुल पूरा 4 लेन का बनाया जाना प्रस्तावित था । लेकिन इस पुल का कुछ हिस्सा बिना स्वीकृति के 4 लेन से 2 लेन कर दिया गया हैं । जिसके कारण आने वाले समय में चूरु के आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । इस पुल के रतननगर की ओर उतरने पर लगभग 50 मीटर के बाद ही दूसरा रेल ओवर ब्रिज शुरु हो जाता हैं, जो कि IIT कि रिपोर्ट के अनुसार डिसमेंटल किया जाना प्रस्तावित हैं । साथ ही पंखा रोड से आने वाले ट्रैफिक को इस पुल पर आने के लिए 3.75 मीटर की सर्विस लेन दी गई हैं । जिसके कारण सरदारशहर, रतनगढ़, भालेरी, तारानगर व चूरु शहर के पूरे ट्रैफिक को डाइवर्ट करने में काफी दिक्कत होगी आने वाले समय में बढ़ते हुए ट्रैफिक की व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के लिए इस पुल को पुराने डिज़ाइन के अनुसार पूरा बनाया जाना आवश्यक है ।